# इंदिरा किसान मितान

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय

कृषि विज्ञान केन्द्र, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)

वर्ष - 4, अंक - 18 | त्रैमासिक पत्रिका | जुलाई से सितम्बर 2012

## कृषि आर्थिकी अनुसंधान केन्द्र नई दिल्ली के अधिकारियों का दौरा

कृषि विज्ञान केन्द्र जगदलपुर में दिनांक 01 अगस्त 2012 को श्री दिनेश कुलकर्णी आर्थिक सलाहकार नई दिल्ली तथा डॉ. विशाल चन्द्राकर कृषि आर्थिकी अनुसंधान केन्द्र, रायपुर (छ.ग.) ने श्री एन.एल. पाण्डे उपसंचालक कृषि, बस्तर के साथ केन्द्र का भ्रमण किया तथा डॉ. एस.एस. राव अधिष्ठाता श.गु.कृ.महा. एवं अनुं. केन्द्र एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस.सी. मुखर्जी एवं वैज्ञानिकों से चर्चा कर धान एवं अन्य फसल उत्पादन की बस्तर में लागत एवं उत्पादन से संबंधित विषयों में विस्तृत रुप से चर्चा की।



## कृषि विज्ञान केन्द्र में हलषष्ठी के उपलक्ष्य में कृषक दिवस का आयोजन

हलषष्ठी के उपलक्ष्य में दिनांक 08 अगस्त 2012 को कृषि विज्ञान केन्द्र जगदलपुर एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कृषक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें संयुक्त संचालक कृषि श्री जी.के. निर्मार्म, श्रीमती पार्वती कश्यप, सदस्या प्रबंध मंडल इं.गां.कृ.वि. एवं जिला पंचायत बस्तर, श्रीमती कविता पाढ़ी, सदस्या जिला पंचायत बस्तर, श्री एन.एल. पाण्डे, उप संचालक कृषि जगदलपुर, उप संचालक कृषि कांकेर, नारायणपुर, कृषि अभियांत्रिकी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभाग के विभागीय अधिकारी एवं 45 कृषक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भगवान बलराम का आह्वान करते हुए कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस.सी. मुखर्जी ने कृषकों को मेहनत करते हुए वैज्ञानिक तकनीकों का समावेश कर अधिकतम उत्पादन एवं प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग पर जोर दिया साथ ही आगन्तुक अतिथियों ने भी कृषकों को सम्बोधित किया।




### आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें




संरक्षक
**डॉ. एस.के. पाटिल**
कुलपति
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

मार्गदर्शन
**डॉ. जे.एस. उरकुरकर**
निदेशक विस्तार सेवायें
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

प्रेरणा स्त्रोत
**डॉ. अनुपम मिश्रा**
निदेशक
आंचलिक परियोजना निदेशालय
जोन 7 (ICAR) जबलपुर

प्रकाशक
**डॉ. एस.सी. मुखर्जी**
कार्यक्रम समन्वयक,
कृषि विज्ञान केन्द्र
बस्तर (छ.ग.)

संपादक
**डॉ. एस.सी. यादव**
विषय वस्तु विशेषज्ञ, पौध रोग
कृषि विज्ञान केन्द्र, जगदलपुर

सहायक संपादक
**श्री आर.एस.राजपूत**
प्रक्षेत्र प्रबंधक, मृदा विज्ञान
**श्री अनिल सोनपाकर**
कार्यक्रम सहायक, कीट विज्ञान

# इंदिरा किसान मितान

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय

कृषि विज्ञान केन्द्र, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)

वर्ष - 4, अंक - 19 | त्रैमासिक पत्रिका | अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर 2012


## कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय जगदलपुर द्वारा भव्य एवं विशाल किसान मेला आयोजित

शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय व कृषि विज्ञान केन्द्र जगदलपुर में संयुक्त रुप से विगत 03 नवम्बर 2012 को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय भव्य व विशाल किसान मेले का आयोजन किया गया। इन मेले में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. एस.के. पाटिल, माननीय कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर विशेष रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.सी. मुखर्जी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस.सी. यादव ने जिले व केन्द्र में चल रही प्रसार गतिविधियों से माननीय कुलपति महोदय को अवगत कराया। इस इवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन में बस्तर में वैज्ञानिकों को समन्वित कृषि (सुकर पालन सह मछली व बत्तख पालन) मॉडल तैयार करने व उस मॉडल को किसानों को अपनाने पर बल दिया जिससे किसानों का जीविकोपार्जन का स्तर ऊँचा उठ सके। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रगतिशील किसानों को पुरुस्कार प्रदान किया गया। इस किसान मेलें में केन्द्र के वैज्ञानिक श्रीमति गुंजन झा व श्री टी.के. ठाकुर ने रबी में सब्जियों की खेती व मत्स्य पालन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर माननीय श्री केदार कश्यप जी, मंत्री आदिम जाति कल्याण विभाग छ.ग. शासन व माननीय श्री दिनेश कश्यप जी, सांसद बस्तर, श्री बैदूराम कश्यप, विधायक चित्रकोट, श्री सुभाऊ कश्यप, विधायक बस्तर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष, श्री लच्छूराम कश्यप एवं उपाध्यक्ष श्री तरुण चोपड़ा विशेष रुप से उपिस्थत होकर किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रेरित किया साथ ही 22 प्रगतिशील कृषकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस मेले में लगभग 5000 किसानों ने भाग लिया।



## भारत निर्माण सेवकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

निदेशालय विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा रायपुर के निर्देशन में एवं श.गु. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जगदलपुर के अधिष्ठाता डॉ. एस.सी. मुखर्जी के मार्गदर्शन एवं डॉ. एस.सी. यादव कार्यक्रम समन्वयक के निर्देशन में भारत निर्माण सेवकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 18 अक्टूबर तक कृषि विज्ञान केन्द्र, जगदलपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 37 भारत निर्माण सेवकों को कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत कृषि तकनीक पर प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक रुप से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही लघुधान्य फसलों का प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन से संबंधित विभिन्न जानकारी दी एवं प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया।

## तारापुर (बकावण्ड) में किसान मेला सह प्रशिक्षण एवं प्रदर्शनी आयोजित

ग्राम तारापुर वि.ख. बकावण्ड में कृषि विज्ञान केन्द्र, जगदलपुर द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक मेला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। किसान मेला में मुख्य अतिथि के रुप में माननीय विधायक (बस्तर विधानसभा) डॉ. सुभाऊ कश्यप उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता श.गु. कृ.महा. जगदलपुर डॉ. एस.सी. मुखर्जी द्वारा की गई। इस किसान मेला सह प्रदर्शनी में महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने धान, लघु धान्य एवं रबी फसलों की उन्नत तकनीक के बारे में जानकारी दी एवं इस अवसर पर सब्जियों के बीजों के साथ-साथ उन्नत कृषकों को तोरिया बीज जे.टी.-1 का वितरण किया गया एवं आदिवासी उपपरियोजना से कृषकों को स्प्रे पंप प्रदान किये गये।

## माननीय कुलपति का कृषि विज्ञान केन्द्र में भ्रमण

माननीय कुलपति डॉ. एस.के. पाटिल, इं.गा.कृ.वि. रायपुर, ने बस्तर प्रवास के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र का अवलोकन किया। साथ ही कुलपति महोदय ने कृषि विज्ञान केन्द्र व कृषि महाविद्यालय में नए पदस्थ वैज्ञानिकों से परिचय प्राप्त किया। तथा अपने-अपने विषयों की पारंगता के अनुरुप कार्य कर कृषकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की बात कही। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय के साथ प्रो. मनहर आडिल, सदस्य प्रबंध मंडल एवं डॉ. जे.एस.उरकुरकर, निदेशक विस्तार सेवायें इं.गां.कृ.वि. रायपुर भी उपस्थित थे।






**संरक्षक**
डॉ. एस.के. पाटिल
कुलपति
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

**मार्गदर्शन**
डॉ. जे.एस. उरकुरकर
निदेशक विस्तार सेवायें
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

**प्रेरणा स्त्रोत**
डॉ. अनुपम मिश्रा
निदेशक
आंचलिक परियोजना निदेशालय
जोन 7 (ICAR) जबलपुर

**प्रकाशक एवं संपादक**
डॉ. एस.सी. यादव
कार्यक्रम समन्वयक,
कृषि विज्ञान केन्द्र
बस्तर (छ.ग.)

**सह संपादक**
श्रीमती गुंजन झा
विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी
कृषि विज्ञान केन्द्र, जगदलपुर

**सहायक संपादक**
आर.एस.राजपूत
इंजी. राहुल साहू
श्री तोषन ठाकुर
श्री दुष्यंत पाण्डे
श्रीमती सोनाली राजपूत